**Ministry of Education**

Minister

315 Front Street West
Toronto ON M7A 0B8

**Ministère de l'Éducation**

Ministre

315, rue Front Ouest Toronto
ON M7A 0B8

Ontario

प्रिय माता-पिता,

हमारी सरकार की ओर से प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा करने के ठीक दो सप्ताह बाद में आज आपको पत्र लिख रहा हूं।

मैं जानता हूं कि यह अवधि आपके या आपके बच्चों के लिए आसान नहीं रही है, विशेषतौर पर क्योंकि कोविड-19 फैलने से आपके प्रति दिन के जीवनों और आजीविकाओं पर प्रभाव बढ़ने शुरू हो गए हैं।

कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं रही है, लेकिन इस महामारी को फैलने से रोकने की हमारी कोशिशों में आपके और आपके बच्चों की ओर से दिखाई गई बहादुरी और मजबूती से मुझे बहुत अधिक प्रेरणा मिल रही है। कैबिनेट के 12 मार्च को पब्लिक-स्कूल सिस्टम को बंद करने के फैसले के बाद से, हमने पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर्स की ओर से हमारे सबसे कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कई कदमों को देखा है।

मैं आपको यह आश्वासन देना चाहता हूं कि, शित्रा मंत्री के तौर पर, आपके बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है; यह तय है कि इससे अधिक गंभीर कोई प्राथमिकता नहीं है। हम जो भी निर्णय लेते हैं उसके पीछे कारण आपके बच्चों की भलाई को सुरक्षित करने की मूलभूत प्रतिबद्धता है। हम स्कूल के बंद रहने की इस अवधि के दौरान आपके और आपके बच्चों की ओर से दिखाई गई बहुत अधिक समझ और लचीलेपन के लिए बहुत आभारी हैं।

इस प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, आज हमारी सरकार ने प्रांत में पब्लिक स्कूलों को 4 मई और चाइल्ड केयर सेंटर्स और प्राइवेट स्कूलों को 13 अप्रैल तक बंद रखने का फैसला किया है। सामान्य समय में, यह एक मुश्किल फैसला होता। हालांकि, ऑंटैरियो के हेल्थ के चीफ मेडिकल ऑफिसर की यह आपके और आपके बच्चे के स्वास्थ्य के सर्वश्रेष्ठ हित में होने की सहमति को देखते हुए, यह फैसला स्पष्ट और प्रत्यक्ष था।

यद्यपि यह घोषणा पब्लिक हेल्थ पॉलिसी के अनुसार है, मैं जानता हूं कि इससे इस बारे में प्रश्न उठेंगे कि आगामी सप्ताहों में शिक्षा को लेकर आपके बच्चे क्या करेंगे, क्योंकि स्कूल में पढ़ाई नहीं होगी।

आज, मुझे लर्न ऐट होम के अगले चरण के लिए हमारी सरकार की योजना और हम इस अवधि के दौरान छात्रों, परिवारों और शिक्षकों की सहायता कैसे कर रहे हैं, के बारे में घोषणा कर गर्व है।

.../p2

शुरुआत के लिए, हमने स्कूल बोर्डों को निर्देश दिया है कि 6 अप्रैल तक, पूरे प्रांत में शिक्षक की अगवाई में पढ़ाई शुरू होगी। छात्रों को इस सप्ताह से अपने शिक्षकों और स्कूल बोर्ड के स्टाफ से कम्युनिकेशन मिलना शुरू हो जाएगा जिससे इस अवधि के दौरान आपके बच्चे की पढ़ाई जारी रखने का सर्वश्रेष्ठ तरीका तय किया जा सकेगा। हमारे सबसे कम उम्र के छात्रों के लिए, मैं आपसे शिक्षकों के साथ बातचीत शुरू करने में सहायता के लिए कह रहा हूं। इस जल्द कम्युनिकेशन से यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि सभी छात्र समृद्ध ऑनलाइन पढ़ाई की योजना में सक्रियता से और पूरी तरह हिस्सा ले सकें। हमने घर पर अभी उपलब्ध टेक्नोलॉजी और संसाधनों के आधार पर यह योजना तैयार की है।

मैं यह भी जानता हूं कि संभव है कि प्रांत में बहुत से परिवारों के पास ऑनलाइन पढ़ाई में पूरी तरह हिस्सा लेने के लिए आवश्यक टेक्नोलॉजी और ब्रॉडबैंड कनेक्शन तक पहुंच ना हो । इस मुश्किल के समाधान के लिए, हमारी सरकार ने स्थानीय स्कूल बोर्डों को उन छात्रों को कंप्यूटर्स और डिवाइसेज की उनकी वर्तमान इनवेंटरी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है जिनके पास घर पर इन तक पहुंच नहीं है। जिन्हें इसकी आवश्यकता है, बोर्ड उन तक टेक्नोलॉजी पहुंचाने के लिए मिनिस्ट्री के साथ मिलकर एक योजना बनाएंगे। मैं यह भी मानता हूं कि बोर्डों ने ओंटैरियो के दुनिया में अग्रणी ऑनलाइन सीखने के संसाधनों तक परिवारों की पहुंच तय करने के विकल्पों पर टेलीकम्युनिकेशंस प्रोवाइडर्स के साथ नियमित तौर पर बातचीत करने सहित टेक्नोलॉजी तक छात्रों की पहुंच के लिए विकल्पों को खोजा है।

यह विशेषतौर पर ग्रामीण और दूर-दराज के समुदायों के लिए आवश्यक है जहां संभव है कि कनेक्शंस सर्वोत्कृष्ट ना हों। टेक्नोलॉजी और ब्रॉडबैंड विकल्पों के बारे में ये बातचीत आगे बढ़ रही हैं और मैं इसके बारे में आपको जानकारी दूंगा।

ऑनलाइन पढ़ाई के लिए इस योजना के हिस्से के तौर पर, हमारी सरकार ने आपके बच्चे के शिक्षक की ओर से दी गई लर्निंग की सामग्री और कार्य के आधार पर एक सप्ताह में छात्र के कार्य-समय के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं तय की हैं। प्रत्येक शिक्षक के लिए, इन अपेक्षाओं में शामिल हैं:

- किंडरगार्टन से ग्रेड 3: प्रति सप्ताह प्रति छात्र कार्य के पांच घंटे, लिटरेसी और मैथ पर ध्यान देने के साथ;
- ग्रेड 4 से 6: प्रति सप्ताह कार्य के पांच घंटे, मैथ, साइंस, और सोशल स्टडीज पर ध्यान देने के साथ;
- ग्रेड 7 से 8: प्रति सप्ताह कार्य के 10 घंटे, मैथ, लिटरेसी, साइंस और सोशल स्टडीज पर ध्यान देने के साथ; और,
- ग्रेड 9 से 12: सेमेस्टर्ड छात्रों के लिए प्रति कोर्स प्रति सप्ताह कार्य के तीन घंटे, और नॉन-सेमेस्टर्ड छात्रों के लिए, प्रति कोर्स प्रति सप्ताह कार्य के 1.5 घंटे, क्रेडिट प्राप्त करने और ग्रेजुएशन पर ध्यान देने के साथ।

इन अपेक्षाओं के आधार पर, लर्न ऐट होम के इस दूसरे चरण में छात्रों को यह सुनिश्चित करने के लिए अकादमिक अनुशासन अपनाने और प्रतिबद्धता की आवश्यकता है कि वे निरंतर अकादमिक प्रगति और उपलब्धि का अनुभव कर सकें। मैं जानता हूं कि हमारे छात्र इसमें सक्षम हैं।

.../p3

यद्यपि ये अप्रत्याशित दौर हैं, मैं आपको इसके लिए प्रोत्साहित करता हूं कि आप स्कूल के बंद रहने की इस अवधि के दौरान हमारी ओर से बनाए गए एक मजबूत पढ़ाई के कार्यक्रम के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध होने में अपने बच्चों की सहायता करें और उन्हें सक्षम बनाएं। आपकी सहायता, प्रेरणा और प्रोत्साहन आपके बच्चों को सीखने की इस यात्रा में सफल होने के लिए तैयार करता रहेगा।

मैं जानता हूं कि यह अवधि ग्रेजुएट होने जा रहे छात्रों के माता-पिता के लिए चिंताजनक है। मैंने पहले कहा है, और मैं फिर दोहराना चाहता हूं: कोविड-19 से जुड़ी घटनाओं के कारण किसी भी छात्र की ग्रेजुएशन में रुकावट नहीं आएगी। मैं ऑनरेबल रॉ रोमानो, मिनिस्टर ऑफ कॉलेजेज एंड यूनिवर्सिटीज, और पोस्ट-सेकेंडरी सेक्टर के साथ मिलकर कार्य कर रहा हूं। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सितंबर 2020 में कॉलेज या यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने की योजना बना रहे छात्रों को इस लक्ष्य को पूरा करने में हमारा पूरा समर्थन मिले।

जैसे कि इस बंद रहने की अवधि के दौरान छात्रों के क्रेडिट्स संचित होना जारी है, हम आगामी सप्ताहों में इस बारे में और जानकारी उपलब्ध कराएंगे कि छात्र कैसे पोस्ट-सेकेंडरी एप्लिकेशन प्रोसेस के साथ जुड़ सकते हैं।

मैं समझता हूं कि स्पेशल एजुकेशन की आवश्यकता वाले बच्चों के माता-पिता को ऐट होम लर्निंग और शैक्षिक सहायता कर्मचारियों के शारीरिक तौर पर उपस्थित न होने और संसाधनों को लेकर आशंकाएं हैं। मैं मजबूती और प्रतिबद्धता से यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि सभी छात्रों की ऐसी सहायता तक पहुंच हो जो निरंतर सीखने और विकास को बढ़ावा देती है।

छात्रों को निरंतर पेशेवर सहायता दोबारा उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार ने बोर्डों को छात्रों और शैक्षिक सहायकों, पैरा प्रोफेशनल्स और अन्य शैक्षिक कर्मियों के बीच कम्युनिकेशन को तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया है। इस अप्रत्याशित समय में हम किसी भी छात्र को कमियों के कारण असफल नहीं होने देंगे। मेरी मिनिस्ट्री शिक्षकों को उन टूल्स और सहायता के साथ लैस कर रही है जिनकी आवश्यकता उन्हें प्रांत में सभी छात्रों को एक ऑनलाइन सेटिंग में अवसरों और उपलब्धियों को अधिकतम करने के लिए है।

कोविड-19 के बारे में अधिकतर जानकारी शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभावों के बारे में है, लेकिन मैं इस बीमारी के ओंटैरियो के निवासियों के मानसिक स्वास्थ्य पर बड़े प्रभावों की आशंका को स्वीकार करता हूं। विशेषतौर पर, हमारे सबसे कम आयु के छात्रों को इसे पूरी तरह समझने और प्रक्रिया में संघर्ष करना पड़ सकता है कि इसका उनके जीवनों, परिवारों, दोस्तों और समुदायों के लिए क्या अर्थ है।

यह आपके बच्चे के लिए डर और तनाव का एक समय हो सकता है, चाहे ऐसा अभी नहीं दिख रहा हो।

../p4

आपके और आपके बच्चे के पास भविष्य में क्या होगा इसे लेकर कई प्रश्न हो सकते हैं, लेकिन मैं अपनी हार्दिक उम्मीद व्यक्त करना चाहता हूं कि सभी बच्चे जानते हैं कि प्रक्रिया और इस अवधि के दौरान उनके सामने आ सकने वाली कई प्रकार की भावनाओं और प्रतिक्रियाओं से निपटने के लिए कई प्रकार की सहायता है। हमारी सरकार ने स्कूल बोर्डों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मानसिक स्वास्थ्य कर्मी और प्रोफेशनल स्टाफ एक सुरक्षित बातचीत में छात्रों के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। हम पूरे प्रांत में छात्रों को काउंसलिंग और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए निरंतर सहायता दे रहे हैं।

हमारे पास मानसिक स्वास्थ्य की मुश्किलों या तनाव का सामना कर रहे बच्चों को महत्वपूर्ण और पेशेवर सहायता उपलब्ध कराने वाले कई संगठन हैं। उदाहरण के लिए, किड्स हेल्प फोन पूरे प्रांत  में 24/7 काउंसलिंग और रेफरल सर्विसेज उपलब्ध कराता है। इस मुफ्त संसाधन के इस्तेमाल के लिए, बच्चे 800-668-6868, पर कॉल, या 686868 पर CONNECT टेक्स्ट कर सकते हैं।

स्कूल के बंद होने के अगले चरण में हमारे जाने के साथ, माता-पिता, अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों, और मेरी मिनिस्ट्री की अपेक्षाएं बढ़ना जारी रहेंगी। बहुत से प्रतिबद्ध और उत्साही छात्रों, शिक्षकों, और शैक्षिक कर्मियों से पहले ही मुलाकात करने के कारण, मैं जानता हूं कि हम आगे चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

आपके और आपके बच्चे के लिए, मैं अपनी हार्दिक और मजबूत प्रतिबद्धता देना चाहता हूं कि ऑंटैरियो के विश्व-स्तरीय एजुकेशन सिस्टम में प्रत्येक छात्र पढ़ाई करना जारी रख सकता है। हमारे भविष्य के लीडर्स को प्रेरित करने, सहायता देने, और आगे बढ़ाने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता मजबूत है।

भवदीय,



द ऑनरेबल स्टीफन लेचे
मिनिस्टर ऑफ एजुकेशन